





नवभारत

भोपाल, रविवार 12 अप्रैल, 2026


# शांति-क्रांति के समन्वयक थे कर्पूरी ठाकुर : राय

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने संघर्ष, परिश्रम, दूरदृष्टि, सादगी को जीवन में अंगीकार कर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया : विधानसभा अध्यक्ष तोमर

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने संघर्ष, परिश्रम, दूरदृष्टि, सादगी को जीवन में अंगीकार कर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया.**

उक्त विचार विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में व्यक्त किए. श्री तोमर ने कहा कि हम प्रेरणा लें, कर्पूरी जी के व्यक्तित्व को, कृतित्व को, उनकी साधना को, उनके संघर्ष को, उनके समर्पण को, उनकी संवेदनशीलता को, उनकी दूरदृष्टि को अपने जीवन में अगर हम अंगीकार करें तो अपने जीवन को भी सार्थक बना सकते हैं और देश के कल्याण के लिए



भी निश्चित रूप से कुछ करने में योगदान देने में हमारी भूमिका हो सकती है.आज भौतिक प्रतिस्पर्धा का दौर है, इसलिए हर व्यक्ति प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे निकलना चाहता है, लेकिन समय-परिस्थितियां ऐसी बन रही हैं कि प्रतिस्पर्धा के मानदंड बदलते जा रहे हैं.

इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि भारत रत्न श्री ठाकुर का जीवन संघर्ष, सादगी, समर्पण और परिश्रम से भरा था. उन्होंने गरीब एवं अभावग्रस्त व्यक्तियों के लिए कार्य किया. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने सत्ता को सेवा का केंद्र बनाया और उसी के माध्यम से जनसेवा की. तपस्या, ईमानदारी, संकल्प, श्रम और परिश्रम लेकर वे हमेशा चलते थे, जिससे उनकी हमेशा विजय होती थी. इंदिरा गांधी कला मंच के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर शांति और क्रांति के समन्वयक थे. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सादगी जननेता का आभूषण है. विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर राजनीति में सादगी और शुचिता के पुरोधा थे. विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर अद्भुत प्रतिभा के धनी थे.

महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाज के लिए एक नई ऊर्जा थे, एक अद्भुत, चमत्कारी प्रतिभा के धनी थे. उन्होंने कहा कि कर्पूरी जी ठाकुर की जो प्रतिमा स्थापित हो रही है, वह पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के प्रयासों के कारण हो रही है, जिनके प्रयास से यहां अटल पार्क में जमीन उपलब्ध हुई. समाजवादी चिंतक एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष रघु ठाकुर ने कहा कि तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह के सहयोग से इस मूर्ति के लिए नगर निगम के माध्यम से जमीन उपलब्ध हुई और आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति स्थापना हो रही है. उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर में महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश का मिलन था, जिनके सिद्धांतों पर कर्पूरी ठाकुर ने अपने व्यक्तित्व को निखारकर आगे बढ़े. श्री ठाकुर में गांधी जी के गुण थे, जिनके माध्यम से उन्होंने अनेक कार्य किए. उन्होंने कहा कि योग्यता की कसौटी योग्यता नहीं थी, योग्यता की कसौटी भाषा थी, तब जाकर बिहार में अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म कराया. उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सिविल सर्विस में सी-सेट की अनिवार्यता को खत्म होना चाहिए, जिससे कि हिंदीभाषी प्रदेश के परीक्षार्थी चयनित हो सकें. कार्यक्रम में लालचंद घोसी एवं राजेश्वर सेन ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव, राजबहादुर सिंह, गौरव सिरोठिया, सुनील जैन, डॉ. सुशील तिवारी, रामकुमार पचौरी, विनोद तिवारी, जाहर सिंह, शैलेष केशरवानी, नेवी जैन, निगमायुक्त राजकुमार खत्री मौजूद थे.

# हाईवे किनारे खून से सने बोरे में मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. कर्रापुर क्षेत्र में कानपुर हाईवे पर स्थित राजा ढाबा के पास सड़क किनारे खून से सना एक संदिग्ध बोरा मिला. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बोरे को खोलकर देखा तो उसके अंदर युवक का शव बरामद हुआ.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राहगीरों ने सड़क किनारे पड़े एक बोरे पर खून के धब्बे देखे. बोरे की हालत और उससे निकलते खून को देखकर लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. नागरिकों ने तुरंत कर्रापुर चौकी पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की. पुलिस ने जब सावधानीपूर्वक बोरे को खोला, तो अंदर एक लगभग 35 से 40 वर्षीय पुरुष का शव मिला. शव खून से लथपथ था और उसकी स्थिति बेहद भयावह थी. पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया. जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मृतक के सिर और चेहरे पर गहरे घाव हैं. माथे पर कई वार के निशान हैं, जबकि एक कान पूरी तरह कटा हुआ मिला. पुलिस की जांच में मृतक की पहचान महेंद्र पिता कोमल अहिरवार निवासी ग्राम भेड़ा बंडा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, महेंद्र शुक्रवार शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा था.



## विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया

सागर. मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सागर आगमन के दौरान खुरई से पत्रकार मुकेश कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार प्रेमनारायण तिवारी,सौरभ परिहार, धर्मेन्द्र दांगी, प्रदीप आठिया ने स्वागत किया.

## स्व-गणना पोर्टल से दे सकेंगे जानकारी

**सागर.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना प्रक्रिया को लेकर निर्देश जारी किए हैं. राज्य में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक संपादित किया जाएगा. स्व-गणना के लिए प्रारंभ किया गया है. इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे. स्व-गणना की प्रस्तावित अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है. 1 मई से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा.

# पंपलेट हटाकर मांगी माफी

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री के इस सख्त रवैये का प्रभाव अब शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है. पहले जहां विभिन्न संस्थान एवं कोचिंग सेंटर प्रचार-प्रसार के लिए बिना अनुमति के पोस्टर-पंपलेट लगाते थे, वहीं अब वे स्वयं आगे आकर उन्हें हटाने की पहल कर रहे हैं. शहर के एक प्रमुख संस्थान, ने भी पूरे शहर में लगाए गए अपने पोस्टर और पंपलेट हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है. संस्थान के मैनेजर रोहित दीक्षित द्वारा लिखित माफीनामा प्रस्तुत कर भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने का आश्वासन भी दिया गया है. नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में नागरिकों कीसहभागिता को विशेष महत्व दिया जा रहा है. निगमायुक्त ने सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, एवं अन्य संगठनों से अपील की है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पोस्टर या पंपलेट न चिपकाएं.

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. जिले में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों को लेकर एसपसी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है.**

जिला कांग्रेस महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता कुशवाहा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पिछले कुछ समय से जिले सहित पूरे प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दुष्कर्म, दहेज उत्पीड़न और साइबर अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है. कांग्रेस



कार्यकर्ताओं ने मांग की कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए. इस दौरान ज्ञापन का वाचन पार्षद श्रीमती रिचा सिंह द्वारा किया गया. ज्ञापन के दौरान पार्षद रोशनी खान, रेखा सोनी, डॉ. किरणलता सोनी, रेखा अहिरवार, ज्योति मलैया, अर्चना कन्नौजिया, गीता कुशवाह, दमयंती अहिरवार, संतोष रानी सेन, शोभा रानी, मेघा, रमाकांत यादव, भैय्यन पटैल, महेश अहिरवार, श्री दास रैकवार, वसीम खान, जितेंद्र अहिरवार, सुंदर अहिरवार मौजूद रहे.

# रसायनिक उद्योगों की उपयोगिता पर सर्टिफिकेट कोर्स

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर के रसायन शास्त्र विभाग में सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ. मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. ए. एच. अंसारी रहे.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम संयोजक डॉ. एस. एन. चड़ार द्वारा




किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथियों के स्वागत से किया गया. मनीषा विनय मिश्रा ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सर्टीफिकेट कोर्स के दैनिक जीवन में महत्व को समझाया. डॉ. अंसारी द्वारा छात्राओं को कोर्स की तकनीकि बारीकियों एवं औसत से यथार्थ तक सफल बनने के मूलमंत्र को समझाया. प्रस्तावना एवं रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक डॉ. एस. एन. चड़ार ने विधिवत रूप से प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को भविष्य में रासायनिक उद्योगों में प्रयोग होने वाली विभिन्न प्रकार की तकनीकों की उपयोगिता से अवगत कराया जिससे विकसित भारत की परिकल्पना में छात्राओं की भागीदारी बढ़ सके. कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कोर्स की उपयोगिता एवं प्रायोगिक पक्ष के महत्व को समझाते हुए छात्राओं के प्लेसमेंट के ऊपर प्रकास डाला.

संचालन नीरज बलाही तथा आभार नंदकिशोर लोधी ने माना. कार्यक्रम में देशराज सिंह ठाकुर, डॉ. पूनम कोहली, निक्की बांगर, आशीष रैकवार मौजूद थे.

## प्रशिक्षण शिविर आज से

**ललितपुर.** विकास फाउण्डेशन एवं प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 अप्रैल तक त्रिदिवसीय प्राकृत भाषा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. महामंत्री डा.आशीष जैन आचार्य ने बताया कि 12 अप्रैल सुबह 8 बजे उद्घाटन सत्र एवं 14 अप्रैल दोपहर 2 बजे समापन समारोह आयोजित होगा. नवागढ़ तीर्थक्षेत्र के प्रचारमंत्री डा.सुनील जैन ने बताया कि निदेशक ब्र. जयकुमार जैन, प्रो. ऋषभचन्द, महामंत्री डा.आशीष जैन, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नवागढ़ अध्यक्ष एड. सनतकुमार जैन एवं महामंत्री वीरचन्द जैन की विशेष भूमिका रहेगी. संचालन प्रशिक्षण प्रभारी डा.शैलेष जैन ने करेंगे.

# भंडारा यात्रा की तैयारियां तेज

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 11 अप्रैल. श्रीशिव सेवक भंडारा शोषपत्रि, जम्मू-कश्मीर की वार्षिक यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित की जाएगी.**

इस धार्मिक आयोजन को लेकर ललितपुर में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आयोजन से जुड़े सेवादारों द्वारा आगामी दिनों में विशाल भंडारे की तैयारी की जा रही है, जिसमें जोधपुर से भी सहयोग मिल रहा है. बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष विभिन्न सेवादारों एवं सहयोगियों के योगदान से 6 लाख 12 हजार रुपये से अधिक की राशि एकत्र कर



दिल्ली भेजी गई थी. सभी सहयोगियों को उनकी राशि समय पर प्राप्त हुई और श्रद्धालु दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे. सहयोगियों में धर्मेंद्र, शुभम, हरिमोहन, बांकेबिहारी चौरसिया, राजकुमार साहू, सुनील मालवीय, राजाभैया, रामदास डोडवानी, संग्राम, गणेश चौरसिया, संजीव कुशवाहा, मुकेश राठौर है.

## जलाऊ लकड़ी उपलब्ध

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य वन संरक्षक जिला सागर को पत्र लिखे जाने पर उत्तर वन मंडल अधिकारी ने निस्तार डिपो मालथौन और निस्तार डिपो बरोदिया कलां को 25-25 सतकठा जलाऊ चट्टों का आवंटन कर दिया है. उल्लेखनीय है कि मालथौन से यह शिकायत श्री सिंह को मिली थी कि दाह-संस्कार आदि निस्तार कार्यों के लिए जलाऊ लकड़ी का अभाव हो गया है. श्री सिंह ने इस सूचना का संज्ञान लेकर मुख्य वन संरक्षक को पत्र लिख कर 25-25 चट्टा सतकठा जलाऊ लकड़ी की मांग की थी.




# सह प्रशिक्षण प्रभारी ने की भेंट

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त सह प्रशिक्षण प्रभारी श्रीकांत कौशिक ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी से सौजन्य भेंट की.**

इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलती है. उन्होने कहा कि भाजपा सदैव कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देती है.जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ नेता कपिल मलैया, भाजपा जिला महामंत्री चेतराम अहिरवार, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखीया, युवा मोर्चा जिला महामंत्री नितिन सोनी, अंशुल हर्षे, शिवा यादव, जय सोनी, युवराज तोमर, राज चौहान रिंकू सोनी एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## कुश्ती प्रतियोगिता आज

**सागर.** राज्यस्तरीय सब-जूनियर कुश्ती प्रतिस्पर्धा का आयोजन 12 अप्रेल से 13 अप्रैल को रजाखेड़ी में किया जा रहा है. प्रतियोगिता के प्रायोजक बीपीसीएल बीना रिफाइनरी हैं. ओलंपियन पप्पू यादव पहलवान के मार्गदर्शन में कुश्ती प्रतियोगिता की जावेगी. प्रतियोगिता में भोपाल, ग्वालियर, रायसेन, कटनी और जबलपुर सहित अन्य शहरों के पहलवानों के शामिल होने की सूचना है. 12 अप्रैल को सुबह 8 बजे से वजन होगें और दोपहर 3 बजे से कुश्ती शुभारंभ होगा. मुख्य अतिथि सांसद डॉ लता वानखेड़े, विधायक इंजी.प्रदीप लारिया, अनिल तिवारी कुलपति, शैलेष केशरवानी एवं अध्यक्षता नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार करेंगे. बीपीसीएल बीना रिफायनरी के अधिकारीयों की उपस्थिति में यह आयोजन होगा.

# नारी पूजन बगैर अधिकार प्रदान किए सार्थक नहीं हो सकता : डॉ. कमलेश दुबे

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम प्रारंभ हुए.**

स्टाफ की बैठक के पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई. संस्था के प्राचार्य डॉ एसी जैन के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. सभी ने अपने जीवन अनुभव से विद्यार्थियों को अवगत कराया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ कमलेश दुबे ने विस्तार से नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106 की चर्चा की. साथ ही भारत के गौरवपूर्ण इतिहास की अमर वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए शासन में नारी की सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला.



सत्ता में नारी की सहभागिता से क्या बदलाव होंगे इसे विस्तार से समझाया. उन्होंने कहा नारी पूजन बगैर अधिकार प्रदान किए सार्थक नहीं हो सकता. विशिष्ट वक्ता डॉ. ऋतु विश्वकर्मा ने कहा कि यह विश्व नर और नारी के समान बर्ताव से ही प्रगति कर सकता है.

इस अवसर पर डॉ. दिव्या गुरु, डॉ डी एन नामदेव, डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, रामचरण प्रजापति, डॉ. श्री नारायण पाण्डेय, सुनील बाबू विश्वकर्मा, डॉ दीप्ति तोमर, डॉ तकल्लुम खान, धारिणी ज्योतिषी, श्रीमती ऊषा देवी, छाया वाल्मीकि उपस्थित रहे. संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ सत्या सोनी ने किया.

# पीड़ित परिवार को दिया आर्थिक सहायता और जाँच का भरोसा

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अप्रैल. जरूवाखेड़ा में बीते दिनों हुए दुखद सड़क हादसे के बाद उपजा आक्रोश विधायक इंजी. प्रदीप लारिया के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद शांत हो गया है.**

विधायक श्री लारिया ने न केवल पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया, बल्कि तत्काल आर्थिक सहायता और घटना की निष्पक्ष जाँच के निर्देश भी दिए. मालूम हो कि जरूवाखेड़ा-बांदरी मार्ग पर बाइक फिसलने के कारण झंडापुर निवासी लक्ष्मी की असामयिक मृत्यु हो गई थी. इस घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर सागर-बीना रोड पर चक्काजाम कर दिया था. जाम की सूचना मिलते ही विधायक श्री लारिया ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल तहसीलदार प्रतीक रजक और नरयावली थाना प्रभारी को मौके पर भेजा गया.

विधायक श्री लारिया ने मौके पर मौजूद अधिकारियों की उपस्थिति में पीड़ित परिवार को 50 हजार की सहायता राशि, मुख्यमंत्री से चर्चा कर शासन स्तर से अधिकतम संभव आर्थिक सहायता स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया. दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की सूक्ष्मता से जाँच कराने के निर्देश भी दिए. जाम समाप्त होने के बाद विधायक ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि वास्तविकता सामने आ सके.

# नाराज किसानों ने किया चौराहे पर चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**बीना 11 अप्रैल. कृषि उपज मंडी में हम्मालों और व्यापारियों के बीच नई दरों को लेकर चल रहे विवाद का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है.**

बीती रात जब कई किसानों की डाक नीलामी पूरी नहीं हुई तो जब डाक नीलामी होते हुए नहीं दिखी तो गुस्साए किसानों ने शहर के मुख्य सर्वोदय चौराहा पर चक्काजाम लगा दिया. स्थानीय कृषि उपज मंडी में हम्मालों की नई दरे न बढ़ाने परहम्मालों ने व्यापारियों के यहां कार्य न करने का निर्णय लिया गया था. हम्मालों की चेतवानी के बाद व्यापारियों ने



डाक नीलामी बंद कर दी थी. मंडी के अधिकारियों की काफी समझाइश के बाद हम्माल मान गए थे और श्डाक नीलामी पुन: शुरू हुई, लेकिन पूरी डाक नहीं हो सकी. शेष रह गई डाक आज शनिवार को होना थी लेकिन हम्मालों ने काम करने से मना कर दिया. फिर गुस्साए किसानों ने सर्वोदय चौराहा पहुंचकर चक्काजाम कर दिया. मंडी प्रशासन की लापरवाही के चलते किसानों ने जाम लगा दिया. इस दौरान किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव से फोन पर चर्चा की. एसडीएम ने मंडी कार्यालय में पहुंचकर व्यापारियों, हम्मालों, किसानों ओर मंडी प्रशासन के बीच चर्चा हुई.

# अवैध कॉलोनी निर्माण : शासकीय नाले पर अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 11 अप्रैल. गौरझामर ग्राम पंचायत क्षेत्र में अवैध कॉलोनी निर्माण का मामला दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है. तिगरा पुल, सागर रोड स्थित खसरा क्रमांक 225/1 पर लगभग 0.92 हेक्टेयर कृषि भूमि पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनी विकसित किए जाने की जानकारी सामने आई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कॉलोनी नीरज जैन के नाम पर विकसित की जा रही है, जहां न केवल अवैध रूप से प्लॉटिंग की



जा रही है बल्कि शासकीय नाले पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य भी जारी है. इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कॉलोनाइजर द्वारा नियम-कानूनों को दरकिनार करते हुए नाले के किनारे निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. जबकि प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. इससे कॉलोनाइजर के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वह खुलेआम शासन-प्रशासन को चुनौती देता नजर आ रहा है. नियमों के अनुसार शासकीय नालों और नदियों के किनारे एक निश्चित दूरी तक नो कंस्ट्रक्शन जोन रखना अनिवार्य होता है, ताकि जल संरचनाओं का संरक्षण हो सके और पर्यावरण संतुलन बना रहे. शासकीय नालों के किनारे 15 मीटर तक किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णत: वर्जित है. इसके बावजूद गौरझामर में नाले से सटे क्षेत्र में खुलेआम प्लॉटिंग और निर्माण कार्य जारी है, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है. ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कॉलोनी की जानकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों, पटवारी से लेकर एसडीएम तक सभी को है, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई. एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि अवैध कॉलोनी के संबंध में पटवारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं. जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. पटवारी सचिन दीक्षित का कहना है कि कॉलोनी से संबंधित सभी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है, आगे की कार्रवाई उन्हीं के स्तर पर की जानी है.